
अध्यक्ष रसल एम. नेलसन द्वारा



# एक साथ आगे बढ़ते हुए

संपादक का नोट: अध्यक्ष रसल एम. नेलसन, जनवरी 14, 2018 को अंतिम-दिनों के संतों का यीशु मसीह का गिरजा में 17वें अध्यक्ष की नियुक्ति मिलने के बाद, उन्होंने ये बातें जनवरी 16, 2018 को साल्ट लेक मंदिर के उपभवन में प्रसारण उपग्रह के दौरान बताया। उन्होंने अनुरोध किया कि उनके शब्दों को इस प्रकाशन में छापा जाए।

प्रिय भाइयों और बहनों, इस सुबह मैं दीन हूं आपके साथ होने के लिए । चार दिन पहले हमने एक महान व्यक्ति, परमेश्वर के भविष्यवक्ता, अध्यक्ष थॉमस एस.मोनसन का अंतिम संस्कार किया। कोई भी शब्द उनके शानदार जीवन की महानता को न्याय नहीं दे सकते। मैं हमेशा हमारे दोस्ती को प्रिय रखूंगा आभार के साथ उनके शिक्षाओं के लिए जिन्हें उन्होंने मुझे सिखाया। अब हमें भविष्य की ओर देखना है अपने प्रभु यीशु मसीह में पूरे विश्वास के साथ, जिनका यह गिरजा है।

दो दिन पहले सभी जीवित प्रेरित साल्ट लेक मंदिर के ऊपर के कमरे में मिले। वहां उन्होंने एक सर्वसम्मत निर्णय लिया, पहला, प्रथम अध्यक्षता को फिर से संगठित करने का और दूसरा, कि मैं गिरजा के अध्यक्ष के रूप में सेवा करूं। मेरे पास शब्द नहीं आपको बताने के लिए कि मैंने कैसा महसूस किया जब मेरे भाइयों ने - भाइयों जिनके पास पुरोहित्य की सारी कुंजियां हैं जो भविष्यवक्ता जोसेफ स्मिथ द्वारा पुनःस्थापित की गयीं इस प्रबंध मे - उनके हाँथ मेरे सिर पर रखकर मुझे नियुक्त और अलग किया गिरजा के अध्यक्ष के रूपमे। यह एक पवित्र और सुखद अनुभव था।

फिर ये मेरी ज़िम्मेदारी बन गई कि पहचानना कि प्रभु ने मेरे लिए कौन से सलाहकार तैयार किये हैं। मैं कैसे बारह प्रेरितों में से केवल दो चुन सकता हूँ, जिनमें से प्रत्येक को मैं बहुत प्यार करता हूँ? मैं गहराई से प्रभु का आभारी हूँ किउन्होंने मेरी उत्कट प्रार्थना का उत्तर गिया । मैं बहुत आभारी हूँ कि अध्यक्ष डल्लीन हैरिस ओक्स और अध्यक्ष हेनरी बेनिओन एयरिंग मेरे साथ प्रथम और द्वितीय सलाहकार के रूप में सेवा करने के लिए इच्छुक हैं।अध्यक्ष डाएटर एफ. उकदॉर्फ ने बारह प्रेरितों के परिषद में अपना स्थान फिर से ले लिया है। वे प्रमुख कार्य प्राप्त कर चुके हैं जिसके लिए वे विशिष्ट योग्य हैं।

मैं उन्हें और अध्यक्ष एयरिंग को अध्यक्ष मोन्सन के सलाहकार के रूप में उनकी शानदार सेवा के लिए श्रद्धांजलि देता हूँ। वे पूरी तरह से सक्षम, समर्पित, और प्रेरित रहे हैं। हम उनके लिए बहुत आभारी हैं। हर कोई अब सेवा करने के लिए तैयार है जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

महीने के प्रथम अध्यक्षता का संदेश बंद किया जाए

यह संदेश आखरी प्रथम अध्यक्षता संदेश होगा जो महीने के आधार पर प्रकाशित होगा। भविष्य में, प्रथम अध्यक्षता महत्वपूर्ण संदेशों को गिरजा के विभिन्न चैनलों के जरिए बांटेंगे, जिसमें गिरजा के पत्रिकाओं और अन्य शामिल होंगे।

वरिष्ठता में द्वितीय प्रेरित के रूप में, अध्यक्ष ओक्स बारह प्रेरितों की परिषद के अध्यक्ष भी बन जाते हैं। हालांकि, गिरजे के आदेश के साथ प्रथम अध्यक्षता के बुलावा के कारण, अध्यक्ष एम. रसेल बलार्ड, वरिष्ठता में अगले, उस परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। प्रथम अध्यक्षता बारहवीं के साथ हाथ में हाथ काम करेगी ताकि वह प्रभु की इच्छा को समझ सके और उनके पवित्र कार्य को आगे बढ़ा सकें।

हम आपकी प्रार्थनाओं के लिए आभारी हैं। वे हमारे लिए पूरे विश्व में की गई हैं। अध्यक्ष मानसन के निधन की अगली सुबह, एसी ही एक प्रार्थना बेन्सन नाम के एक चार साल के बालक द्वारा की गई थी। मैं उद्धृत करता हूँ उसकी माँ के पत्र के अंश से जिसको उसने मेरी पत्नी वेंडी को लिखा। बेन्सन ने प्रार्थना की, "स्वर्गीय पिता, धन्यवाद कि अध्यक्ष थॉमस एस. मोनसन अपनी पत्नी को फिर से देख सकते हैं। हमारे नए भविष्यवक्ता के लिए धन्यवाद। उन्हे बहादुर बनने मे मदद कीजिये और कि नए भविष्यवक्ता होने के लिए न डरें। उन्हे स्वस्थ और मजबूत होने के लिए मदद करें। उन्हें मदद कीजिये ताकि उनके पास शक्ति हो क्योंकि उनके पास पुरोहित्य है। और हमें हमेशा अच्छा होने में मदद करें।

मैं इस तरह के बच्चों और माता-पिता के लिए परमेश्वर का शुक्रिया अदा करता हूं जो अपने धर्म के प्रति वचनबद्धता से सचे हैं और ठीक से देखभाल करते हैं - हर माता पिता, शिक्षक और सदस्य जिनके पास भारी भोजें हैं और फिर भी ख़ुशी से सेवा करते हैं। दूसरे शब्दों में, आप मे से प्रत्येक के लिए, मैं सबसे विनम्रतापूर्वक आभारी हूं।

## प्रभु संचालन कर रहे हैं

जैसा कि हम एक साथ आगे बढ़ते हैं, मैं आपको इस भव्यतरी के से सोचने के लिए आमंत्रित करता हूं जिसके द्वारा प्रभु अपने गिरजे को शासित करते हैं। जब गिरजे के एक अध्यक्ष का निधन हो जाता है, तो कोई रहस्य नहीं है कि उसके बाद में उस क्षमता में सेवा कौन करेगा। कोई भी चुनाव नहीं है, कोई अभियान नहीं है, सिर्फ प्रभु के उत्तराधिकार की दिव्य योजना के केवल शांतकार्य, जिसे स्वयं परमेश्वरने बनाया है।

प्रेरित की सेवा के प्रत्येक दिन भविष्य में अधिक जिम्मेदारी के लिए सीखने और तैयारी का दिन होता है। एक प्रेरित को जूनियर कुर्सी से मंडल की वरिष्ठ कुर्सी तक जाने के लिए कई सालों की सेवा करनी होती है। उस समय के दौरान, वह गिरजा के काम के प्रत्येक पहलू में प्रत्यक्ष अनुभव के लाभ लेते हैं।वह पृथ्वी के लोगों के साथ अच्छी तरह से परिचित हो जाता है, जिसमें उनके इतिहास, संस्कृतियां, भाषाएं शामिल हैं, जब उसके कार्य उन्हें विश्व भर में बार-बार ले जाते हैं। गिरजा के नेतृत्व में उत्तराधिकार की यह प्रक्रिया अद्वितीय है। मैं कुछ और इसके जैसे नहीं जानता। इससे हमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह प्रभु का गिरजा है । वे पुरुषों के तरीके पर काम नहीं करते।

मैंने गिरजे के पाँच पिछले अध्यक्षों के तहत बारह के परिषद में सेवा की है। मैंने प्रत्येक अध्यक्ष को प्रकटीकरण प्राप्त करते और उस प्रकटीकरण का उत्तरदायी होना देखा है। परमेश्वर हमेशा निर्देशित और अपने भविष्यद्वक्ताओं को प्रेरित करते हैं। प्रभु संचालन कर रहे हैं । हम सभी जिन्हें नियुक्त किया गया है दुनिया भर में उनके पवित्र नाम की गवाही देने के लिए, उनकी इच्छा जानने और पालन करने के लिए कार्य करते रहेंगे।

## अनुबंध के मार्ग पर रहें

अब, गिरजा के प्रत्येक सदस्य से मैं कहता हूं, अनुबंध के मार्ग पर बने रहो। आपकी वचन बद्धता कि आप उद्धारकर्ता के पथ पर चलेंगे, अनुभंदबनाने और उन अनुभंदनों को रखने के द्वारा सब आत्मिक आशीषें और सौभाग्यकेदरवाज़े खोलेगा जो सब आदमी, औरत और बच्चे के लिए है।

एक नई अध्यक्षता होने के साथ, हम लक्ष्य को मन मे रखते हुए प्रारंभ करना चाहते हैं। इस कारण से, आज हम आप से मंदिर से बात कर रहे हैं। यह लक्ष्य जिसके लिए हम सभी प्रयास करते हैं प्रभु के भवन  में शक्ति पाने के लिए, परिवारें केसा थ मुहरबंद होना, मंदिर के अनुबन्ध निभाना जो हमें परमेश्वर के सबसे महान उपहार के लिए काबिल बनाता है - अनंतजीवन। मंदिर की धर्मविधियाँ और अनुबन्ध जो आप बनाते हैं आपके जीवन, शादी, परिवार और शैतान के वार के खिलाफ की सामर्थ्य को और मज़बूत करेगा। मंदिर में आपकी पूजा और अपने पूर्वजों के लिए आपकी सेवा आपको आशीष करेगा ताकि आपको शांति और खुद के प्रकटीकरण और मिलेंगे आपको सही मार्ग पर रहने के लिए आप की वचनबद्धता को और मज़बूत करेगा।

अब, यदि आप मार्ग से हट गए हैं, तो मेरे दिल में पूरी आशा के साथ मैं आपको आमंत्रित कर रहा हूं कि कृप्या वापस आ जाइए । जो भी आपकी चिंता है, जो भी आपकी चुनौती, प्रभु के इस गिरजा मे आप के लिए जगह है। आपके और आपके आने वाली पीढियां आशीषित होंगी आपके अनुबन्ध के मार्ग पर वापस आने के कार्यों के लिए । स्वर्ग में हेमरे पिता अपने बच्चों का ध्यान रखते हैं, और वह चाहते हैं कि हम्मे से हर कोई उनके पास घर लौट आए। अंतिम-दिनों के संतों का यीशु मसीह का गिरजा का यह महान लक्ष्य है - हम सब को घर लौटने मे सहायता करना।

मैं आपके लिए अपना गहरा प्रेम व्यक्त करता हूं- प्रेम जो बढ़ा है आपके साथ मिलने से, पूजा करने से और आपकी सेवा करने से। हमारा दिव्य जनादेश हर राष्ट्र, आत्मीयता, जीभ और लोगों को जाना है, जो कि प्रभु के दुसरे आगमन के लिए दुनिया को तैयार करने में मदद करता है। यह हम प्रभु यीशु मसीह के विश्वास के साथ करेंगे, यह जानते हुए कि वे प्रभारी हैं। यह उनका कार्य है और उनका गिरजा। हम उनके सेवक हैं।

मैं परमेश्वर हमारे अनंतपिता और उसके पुत्र, यीशु मसीह के प्रति अपनी भक्ति घोषित करता हूँ। मैं उन्हें जानता हूं, उन्हें प्यार करता हूँ, और उनके - और आपकी - सेवा करने की प्रतिज्ञा करता हूँ अपने जीवन की हर शेष सांस के साथ। यीशु मसीह के पवित्र नाम में, आमीन|

© 2018 ऑल राइट रिसर्वद द्वारा। संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रित अंग्रेजी अनुमोदन: 6/17 अनुवाद अनुमोदन: 6/17 का अनुवाद